गांधीवादी नेता स्वर्गीय मूलचंद जैन का जन्म दिवस मनाया गया

केंद्र ने सभी गांवों में पाइपलाइन से पेयजल सुलभ कराने की योजना बनाई : स्वामी

downlaoded from moolchandjain.org

संवाद सहयोगी

गोहाना (सोनीपत), 19 अगस्त। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री आई.डी. स्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी गांवों में पाइप लाइन से पेयजल सुलभ कराने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत प्रदेश को 70 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

वह प्रसिद्ध गांधीवादी नेता स्वर्गीय बाबू मूलचंद जैन की जन्मस्थलीगांव सिकंदरपुर माजरा में आज उनके 87 वें जन्म दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री स्वामी मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के अध्यक्ष पतराम वर्मा (सिरसा) ने की।

इस अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे स्कूली बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि आई.डी. स्वामी ने कहा कि उनके बाबू मूलचंद जैन से गहरे संबंध थे। उन्होंने ऐसे समय में राजनीति के शुद्धिकरण का बीड़ा उठाया था जब राजनीति के अपराधीकरण की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही थी। श्री जैन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि सिकंदरपुर माजरा गांव के लोग सौभाग्यशाली हैं, जहां भारत का रत्न पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि वे युवा उमेश कुमार शर्मा के धन्यवादी हैं, जिन्होंने उन्हें एक महान व्यक्ति के जन्म दिवस पर आमंत्रित किया।

सांसद श्री सांगवान ने कहा कि बाबू मूलचंद जैन ने उनका गहरा लगाव था। उन्होंने बताया कि

> **बाबू मूलचंद ने राजनीति के शुद्धिकरण का बीड़ा उठाया था**

जब वे प्रदेश के कृषि मंत्री थे उस समय बाबू जी हरियाणा योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि बाबूजी गलत बात और अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं करते थे और बुढ़ापे में भी उनमें संघर्ष का माद्दा बना रहा।

श्री सांगवान के अनुसार चौ. देवीलाल जैसा नेता भी बाबूजी की राजनीतिक सोच का कायल रहा। श्री जैन की सलाह पर ही चौ. देवीलाल ने यहां से चुनाव लड़ा था।

युवा नेता व बाबू जी के नाम से गांव में स्थापित पुस्तकालय के उपाध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा ने कहा कि गांधीवादी नेता बाबू मूलचंद जैन का जन्म दिवस पुस्तकालय दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता था कि वे पुस्तकालय स्थापना को एक आंदोलन का रूप देना चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि प्रत्येक गांव में पुस्तकालय खुले।

आज के समारोह में सांसद श्री सांगवान ने 25 हजार रुपये पुस्तकालय में दान करने की घोषणा की और भविष्य में भी मदद करने का यकीन दिलाया। आज के समारोह में सत्यानंद पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एक नाटक प्रस्तुत किया।

समारोह में समाज सेविका शांता जैन, एच.सी.एस. अधिकारी हरीश चंद्र जैन के अलावा भाजपा के कई नेता जिनमें डा. ओमप्रकाश शर्मा, शकुंतला शर्मा, प्रदीप सांगवान, ओमप्रकाश सैनी आदि भी शामिल हैं।

श्री स्वामी इससे पहले मुरारी लाल पुस्तकालय देखने भी गए। यह पुस्तकालय बाबू मूलचंद जैन के पुश्तैनी हवेली में चलाया जा रहा है।